Paper Code No.: **03**

**SET A**

# HIGHER SECONDARY EDUCATION

## HALF YEARLY EXAMINATION 2017-18

**HSE I** | **PART II** | **Score :80**
**HINDI** | **Time : 2 ½ hrs**
**Cool off Time : 15 Minutes**

**सामान्य निर्देश :**

- प्रश्न-पत्र वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर सूचना के अनुसार लिखें।

1. **सूचनाः** पाठ के आधार पर मिलान करें। (1x4=4)

| | |
|---|---|
| मधुऋतु | मैकू |
| जुलूस | रामधारीसिंह दिनकर |
| अनुताप | छायावाद |
| चाँद और कवि | हमदर्दी |

2. **सूचनाः** निर्देशानुसार उत्तर लिखें। (1x4=4)

(क) बीरबलसिंह बड़ा जल्लाद है। **यह प्रस्ताव सही है या गलत?**

(ख) 'अंधकार का जलधि लाँघकर
आवेंगी शशि-किरनें।' **कवितांश में 'समुद्र' के लिए प्रयुक्त शब्द लिखें।**

(ग) "इन के साथ हमदर्दी जताना बेवकूफी है।" **यह कथन किसका है?**
(यात्री, असलम, नया रिक्शावाला)

(घ) 'कल्पना के जीभ में भी धार होती है।' **कल्पना किस प्रकार होती है?**

**सूचनाः** कवितांश पढ़ें और **3 से 5 तक** के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

'अरे आ गई है भूली-सी
यह मधुऋतु दो दिन को,
छोटी-सी कुटिया मैं रच दूँ,
नई व्यथा साथिन को!
वसुधा नीचे ऊपर नभ हो,
नीड़ अलग सबसे हो,
झाड़खंड के चिर पतझड़ में
भागो सूखे तिनको!'

3. यह किसकी कविता है? (1)
(जयशंकर प्रसाद, रामधारीसिंह दिनकर, कबीरदास)

4. सूखे तिनकों को कहाँ भाग जाना है? (1)

5. छायावाद की विशेषताओं के आधार पर कवितांश की **आस्वादन-टिप्पणी** लिखें। (6)

**सूचनाः 6 से 9 तक** के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** का उत्तर **एक या दो वाक्यों में** लिखें। (2x3=6)

6. 'अगर जड़ पकड़ लेंगे तो लोगों का इससे कुछ फायदा होगा। पता नहीं मैं इस रास्ते से गुज़रूँ या न गुज़रूँ।'

**संभ्रांत महिला ने किस उद्देश्य से बीज फेंक डाला?**

7. 'आदमी का स्वप्न? है वह बुलबुला जल का
आज बनता है और कल फिर टूट जाता है।'

**आदमी के स्वप्न की तुलना कवि पानी के बुलबुले से करते हैं। क्यों?**

8. 'डॉक्टर ने रिक्शा चलाने से मना कर रखा था।' **फिर भी असलम रिक्शा चलाता रहा। क्यों?**

9. 'भक्ति करै कोई सूरमा, जाति-बरन कुल खोई।' **कबीरदास के अनुसार सच्चा शूर कौन है?**

**सूचनाः 10 से 14 तक** के प्रश्नों में से **किन्हीं चार** का उत्तर **चार-पाँच वाक्यों में** लिखें। (4x4=16)

10. '**आनंद की फुलझड़ियाँ**' निबंध का अंश पढ़ें।

'आज भी वह रक़म अमेरिका में ज़रूरतमंदों के हाथों में घूम रही है।' बेंजमिन फ्रैंकलीन की भलाई का फल अब भी लोगों को मिल रहे हैं। **घटना का उल्लेख करते हुए अपना विचार प्रकट करें।**

- बेंजमिन फ्रैंकलीन द्वारा गरीब विद्यार्थी की मदद
- सालों के बाद रक़म लौटाना
- ज़रूरतमंदों की सहायता करने का निर्देश

11. दोहा पढ़ें।

'दुख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय।
जो सुख में सुमिरन करै, तो दुख काहे होय।।'

सुख और दुख जीवन के दो पहलू हैं। **दोहे के आधार पर टिप्पणी लिखें।**

12. जीवन-वृत्त पढ़ें।

जीवन-वृत्त

| | |
|---|---|
| नाम | : जयशंकर प्रसाद |
| जन्म | : 30 जनवरी, 1889 |
| जन्मस्थान | : उत्तरप्रदेश |
| प्रमुख रचनाएँ | : कामायनी, आँसु, चंद्रगुप्त, तितली |
| विशेषताएँ | : बहुमुखी प्रतिभा के कलाकार, छायावादी कवियों में अग्रणी |
| मृत्यु | : 14 जनवरी, 1937 |

**जयशंकर प्रसाद के बारे में एक अनुच्छेद लिखें।**

13. 'जुलूस' नाट्यरूपांतर के ये कथन पढ़ें।

- "हम दुकानें लूटने या मोटरें तोड़ने नहीं निकले हैं..."
- "हमें अपने भाइयों से लड़ाई नहीं करनी है।"
- "जिस दिन हम इस लक्ष्य पर पहुँच जाएँगे, उसी दिन स्वराज्य सूर्य का उदय होगा!"

कथन के आधार पर **इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें**।

14. 'चाँद और कवि' कविता का अंश पढ़ें।

'रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चाँद,
आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है!
उलझनें अपनी बनाकर आप ही फ़ँसता,
और फिर बेचैन हो जगता न सोता है।'

मनुष्य स्वयं समस्याएँ पैदा करके उसमें फँसता है। इसके आधार पर पंक्तियों का विश्लेषण करें और **टिप्पणी लिखें**।

**सूचना: 15 से 18 तक** के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** का उत्तर लिखें। (6x3=18)

15. 'आनंद की फुलझड़ियाँ' निबंध की संभ्रांत महिला खिड़की के पास बैठकर कुछ चीज़ें बाहर फेंकती जा रही थी। यह दृश्य देखकर सहयात्री उससे बातें करने लगता है। **दोनों के बीच का वार्तालाप तैयार करें**।

- रेलगाड़ी में यात्रा
- पेड़-पौधों के बीज फेंकना
- सहयात्री का चकित हो जाना

16. डॉक्टर से गुर्दे की खराबी की खबर सुनकर असलम चिंतित हो जाता है। वह अपनी परेशानियाँ डायरी में लिखता है। **डायरी 60 - 80 शब्दों में लिखें**।

- आगे रिक्शा नहीं चला सकता
- परिवार के प्रति प्रेम
- चिकित्सा का खर्च
- भविष्य के प्रति चिंता

17. इस साल का 'वृक्षमित्र पुरस्कार' आपके स्कूल के परिस्थिति क्लब को मिला है। पुरस्कार वितरण स्कूल सभागृह में जिलाधीश (District Collector) करेंगे। **इसके लिए पोस्टर तैयार करें**।

- पेड़ जीवन का वरदान
- जैव-वैविध्य उद्यान का निर्माण
- एक लाख रुपए का इनाम

18. सालों बाद ही यात्री के मन में असलम का चेहरा उभर आता है। यात्री आत्मकथा में असलम की यादों को सूचित करता है। **आत्मकथांश 60 - 80 शब्दों में लिखें**।

- यात्री की यादें
- असलम के साथ अपना व्यवहार
- हमदर्दी का अभाव
- पश्चाताप से विवश

**सूचनाः** खंड पढ़ें और **19 से 20 तक** के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

'रुपया कमाना सबके हाथ की बात नहीं है, न शिक्षा पाकर डिग्रियाँ हासिल करना सबकी पहुँच में है, लेकिन हम सब चाहें तो आनंद और सुख की रश्मियाँ बिखेरकर दुनिया के दुख को कुछ-न-कुछ हल्का ज़रूर कर सकते हैं और जिन लोगों से हमारा संबंध है, उनके जीवन में कुछ-न-कुछ प्रसन्नता तो ज़रूर ही ला सकते हैं। लड़ाई, गरीबी, महँगाई और गुलामी से हमारा जीवन तो वैसे ही मुसीबतों से भरा पड़ा है। फिर भी हम उसमें कुछ सुख और आह्लाद फैलाकर ज़िंदगी की लड़ाई को सहने लायक और जीवन को जीने लायक तो बना ही सकते हैं, बशर्ते हम उसका ज़रा खयाल रखें। काम बिलकुल मुश्किल नहीं है। हमें सिर्फ ज़रा ध्यान देने की ज़रूरत है और उसका नतीजा? वह तो हम फौरन देख सकेंगे। अगर जादू की तरह असर न हुआ तो फिर कहिए।'

19. दुनिया के दुख को हम कैसे हल्का कर सकते हैं? (2)

20. खंड का **संक्षेपण** करें और शीर्षक दें। (6)

**सूचनाः 21 से 23 तक** के प्रश्नों में से **किन्हीं दो** का उत्तर लिखें। (8x2=16)

21. स्वास्थ्य संबंधी ये सुर्खियाँ पढ़ें।

स्कूल और कॉलेज के छात्र
नशीली पदार्थों के शिकार

नशीली पदार्थों का उपयोगः
मानवता का नाश

नशीली पदार्थ मस्तिष्क एवं
शरीर के लिए हानिहारक

नशीली पदार्थों की बिक्री में कानूनी रोकथाम होने पर भी स्कूल के पास इसकी बिक्री बढ़ रही है। इस पर क्या कारवाई की गई है, इसकी जानकारी पाने के लिए श्री हर्षकुमार, अध्यापक अभिभावक संघ, सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल, कोल्लम की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, मादकद्रव्य विभाग (Narcotic Department), केरल सरकार के नाम पर **सूचना अधिकार पत्र** तैयार करें।

22. सूचकों की सहायता से किसी मनपसंद **फिल्म की समीक्षा** लिखें।
    - फिल्म का कथासार
    - पात्रों का अभिनय
    - पटकथा, संवाद, छायांकन
    - निदेशक की भूमिका
    - अपना दृष्टिकोण
23. अगला युद्ध पानी के लिए होगा। पानी का उचित उपयोग एवं संरक्षण हर एक का कर्तव्य है। संकेतों के आधार पर 'जल-संरक्षण' विषय पर **लेख** लिखें।




- जल का दुरुपयोग
- जल स्रोतों का नशीकरण
- जल-प्रदूषण
- पानी का संरक्षण
- जल साक्षरता

■